26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 3 जून, 2026

अंक- 219 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# दिल्ली के मालवीयनगर में भीषण अग्निकांड, 21 लोगों की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** आज सुबह दिल्ली के मालवीयनगर के हौजरानी स्थित लेमन ग्रीन रेस्टोरेंट में भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 10 गाड़ियां तुरंत मौके के लिए रवाना हुईं। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस आग की वजह से अब तक 21 लोगों की मौत हो चुकी है और 37 घायल हैं। जानकारी के



मुताबिक, दिल्ली फायर सर्विस टीम को मालवीयनगर में लेमन ग्रीन रेस्टोरेंट में सुबह 8 बजकर 50 मिनट पर आग लगने की सूचना प्राप्त हुई, जिसके तुरंत बाद दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। बताया जा रहा है कि रेस्टोरेंट के बेसमेंट से ये आग लगनी शुरू हुई। रेस्टोरेंट के बेसमेंट से गंभीर हालत में लोगों को रेस्क्यू किया गया। इस आग की वजह से अब तक 21 लोगों की मौत हो गई है और 37 लोग घायल हैं। घायलों को मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## ईरान ने कुवैत-बहरीन पर दागीं मिसाइलें

अमेरिका ने दावा किया है कि उसकी सेना ने क्षेत्र के पड़ोसी देशों को निशाना बनाने वाले ईरानी मिसाइलों और ड्रोन हमलों की एक श्रृंखला को नाकाम कर दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने ईरान के केश्म द्वीप पर जवाबी कार्रवाई भी की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि तेहरान ने क्षेत्र में हवाई हमलों की एक लहर शुरू की थी। सैन्य कमांड ने नोट किया कि ईरान ने क्षेत्रीय पड़ोसियों की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। हालांकि, सभी अपने लक्ष्यों को भेदने में विफल रहीं। सेंटकॉम ने क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ की गई रक्षात्मक कार्रवाइयों का विवरण देते हुए खुलासा किया कि कुवैत पर दागी गई दो ईरानी मिसाइलें या तो लक्ष्य तक नहीं पहुंचीं या रास्ते में ही नष्ट हो गईं। वहीं, बहरीन पर लॉन्च की गई तीन मिसाइलों को अमेरिकी और बहरीन की वायु रक्षा बलों ने तुरंत रोक लिया।










# रेहड़े की टक्कर से घायल हुई बाइक सवार महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

**नांगल सोती (चिंगारी)।** रेहड़े द्वारा बाइक में मारी गई टक्कर से घायल हुई महिला की 8 दिन बाद एम्स, ऋषिकेश में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। महिला रायपुर सादात क्षेत्र से ग्राम तिसोतरा में स्थित अपने मायके में जा रही थी। नांगल थानांतर्गत ग्राम तिसोतरा निवासी महेन्द्र सिंह पुत्र स्व. लल्लू सिंह ने बताया कि गत 25 मई की दोपहर उसकी बहिन सुमन देवी (45 वर्ष) पत्नी उमेश कुमार निवासी ग्राम नौरंगाबाद लालपुर थाना रायपुर सादात (बिजनौर) उसके घर पर आ रही थी। महेन्द्र का पुत्र हरवेंद्र अपनी बुआ सुमन को घर लाने के लिये बाइक से ग्राम कामराजपुर के बस अड्डे पर गया था। सुमन के साथ उसके दूसरे भाई राजवीर सिंह की पुत्री प्रीति भी थी, जो कि अपनी बुआ के पास घूमने गई थी। हरवेंद्र अपनी बुआ तथा चचेरी बहिन को बाइक पर बैठाकर कामराजपुर बस अड्डे से तिसोतरा तिराहे की ओर चला था कि पीछे से आ रहे बाइक से बने जुगाड़ (रेहड़े) ने ओवरटेक करते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। चंदक की ओर से आ रहे रेहड़े के पीछे एक और रेहड़ा बंधा हुआ था। रेहड़े को किरतपुर के मुहल्ला सिंघाड़ियान निवासी गौरव पुत्र मोहन चला रहा था, जबकि उस पर एक और अज्ञात युवक बैठा था। दुर्घटना में सुमन का सिर सड़क पर लगने से उसे गंभीर चोटें आई थीं , जबकि प्रीति व हरवेंद्र के हाथों - पैरों में चोटें आई थीं। गंभीर रूप से घायल सुमन को बिजनौर से रैफर किये जाने पर पहले मुरादाबाद के एक हॉस्पिटल में और अगले दिन एम्स, ऋषिकेश में भर्ती कराया गया था। मंगलवार को उपचाराधीन अवस्था में सुमन की मृत्यु हो गई। इससे उसके सुसराल और मायके में कोहराम मच गया। उसके सुसराल नौरंगाबाद लालपुर, थाना रायपुर सादात में उसका अंतिम संस्कार किया गया। महेन्द्र की तहरीर पर पुलिस ने रेहड़ा चालक गौरव व उसके अज्ञात साथी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।




## दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों के चालक घायल

**नांगल सोती (चिंगारी)।** नांगल- मंडावली मार्ग पर मंगलवार की रात्रि हुई दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दोनों के चालक घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस द्वारा अस्पताल भिजवाया। रात्रि लगभग 8 बजे नांगल - मंडावली मार्ग पर सराय आलम की पुलिया के समीप स्थित केन क्रेशर के सामने दो मोटरसाइकिलों में टक्कर हो गई। एक बाइक चालक मौ. करीम (27 वर्ष) पुत्र वहीद निवासी ग्राम मोहनपुर थाना मंडावली का पैर फ्रैक्चर हो गया। पीछे बैठे उसके पिता वहीद को मामूली चोट आई। जबकि दूसरी बाइक के चालक कपिल (20 वर्ष) पुत्र हरिराज निवासी ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुकादड़ी थाना नजीबाबाद के भी पैर में चोट आई है। उसके पीछे बैठे युवक को चोट नहीं आई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल भिजवाया।

## घर में घुसा चोर नकदी व जेवर ले उड़ा

**नांगल सोती (चिंगारी)।** चोर ने छत के रास्ते एक घर में घुसकर संदूक में रखी नकदी व आभूषण चोरी कर लिये। ग्राम पूंडरी खुर्द निवासी वंश राजपूत पुत्र वेदपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह सोकर उठा , तो उसके घर का सामान बिखरा पड़ा था। संदूक में रखी 14,500 रूपये की नकदी , उसकी मां की एक जोड़ी पायल , सोने की एक लौंग एवं चांदी का कड़ा गायब था। वंश का कहना है कि उसके घर के पास मौजूद खंडहर हो चुके मकान से उसकी छत पर चढ़कर किसी ने चोरी की है। खंडहर मकान से ओढ़ने - बिछाने के कुछ कपड़े भी मिले हैं। उसकी तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध बीएनएस की धारा 305 (ए) के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।












# प्रशासन का एक्शन : गैंगस्टर अतीक की डेढ़ अरब से अधिक की सम्पत्ति कुर्क




**स्योहारा ( चिंगारी )।** प्रशासन द्वारा गैंगस्टर अतीक अहमद की डेढ़ अरब से ज्यादा की सम्पत्ति कुर्क कर ली गयी। ढोल नगाड़ों के साथ जालौन पुलिस एवं राजस्व टीम ने सम्पत्ति को सील कर जिलाधिकारी द्वारा रिसिवर नियुक्त की गयीं उपजिलाधिकारी धामपुर को चाबी आदि सौंप दी।

31 मई 2026 को जनपद जालौन में गो तस्तकरी के आरोपी गैगस्टर अतीक अहमद की सम्पत्ति कुर्क कर दी गयी थी, में जिसका आदेश लेकर जालौन के थाना कौच पुलिस मंगलवार को इस्पेक्टर अंकुर यादव के नेतृत्व में बिजनौर पहुची और जिलाधिकारी से मिली, जिसके बाद टीम धामपुर उपजिलाधिकारी के कार्यालय पहुंची और वहां से थाना स्योहारा को सुचित कर टीम सीधे सहसपुर अतीक के घर पहुंची थी। अतीक अहमद घर नही मिला । आदेश की प्रतिलिपि अतीक के उमर इंटरनेशल फैक्ट्री के मैनेजर को दी। यहां फैक्ट्री का संचालन अतीक का भाई इदरीस करता था। 6 सदस्य टीम ने अतीक की सम्पत्ति का निरीक्षण किया। कागजी प्रतिक्रिया को पूर्ण करने के चलते मंगलवार को सम्पत्ति को कुर्क नही किया जा सका था। बुधवार को भारी पुलिसबल के साथ टीम रिसिवर बनाई गयी उपजिलाधिकारी धामपुर के नेतृत्व मे सहसपुर में उमर इंटरनेशनल पहुंची और 168 करोड़ 13 लाख की सम्पत्ति को कुर्क किया। एक बार फिर सील की गई तालाब, कृषि जमीन पर बोर्ड लगा दिया गया कि यह सम्पत्ति कुर्क कर प्रशासन के कब्जे मे पहुंच गयी है। राजस्व टीम मे नायब तहसीलदार विजय, राजस्व निरीक्षक विरेन्द्र शर्मा, हल्का लेखपाल ज्योति, लेखपाल अनिल कुमार, लेखपाल नरेश कुमार, लेखपाल सूधीर, लेखपाल अजय आदि मौजूद रहे ।







# कल था बड़ा मंगलवार, पालिका कार्यालय में वितरित किया गया प्रसाद



**किरतपुर ( चिंगारी )।** गत दिवस बड़ा मंगलवार के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद किरतपुर के परिसर में प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पालिका प्रशासन व कर्मचारीगणों का सहयोग रहा। दोपहर एक बजे पालिका परिसर में विशेष रूप से लगाए गए पंडाल में प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया गया। इस दौरान हलवे का मुख्य प्रसाद आदर व श्रद्धा भाव से वितरित किया गया।

नगर पालिका परिषद किरतपुर की अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता द्वारा लोगों को अपने हाथों से प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद किरतपुर के अधिशासी अधिकारी सहित प्रधान लिपिक हसन मुस्तफ़ा, सुरेन्द्र सिंह, कर निरीक्षक ज्ञानेश्वरानन्द आदि समस्त पालिका स्टाफ एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष का नूरपुर में भव्य स्वागत

## कांग्रेसियों से जनहित के मुद्दे उठाने का आह्वान

**नूरपुर ( चिंगारी )।** यहां आयोजित कांग्रेस की बैठक में पहुंची पार्टी की जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह व पूर्व आईएएस अधिकारी आर. के. सिंह का कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से हर एक बूथ मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाए।

बैठक में संगठन विस्तार एवं नए सदस्यों को जोड़ने, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक मुद्दों व एसआईआर पर भी विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने सरदार महेन्द्र सिंह कापसे,सरदार अमरीक सिंह,सरदार सुरजीत सिंह को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष गुरमुख सिंह दीवान ने किया। इस अवसर पर जिला सचिव अनुराग शर्मा, मोहसिन खान,नगर अध्यक्ष निजामुद्दीन मग्गू, ब्लॉक अध्यक्ष मलखान सिंह,उपाध्यक्ष आरिफ मिकरानी, डॉ मौहम्मद अशरफ सिद्दीकी, मोलाना खलील-उर-रहमान,सरदार महेंद्र सिंह, हरि सिंह सागर, राशिद हुसैन, नौबत सिंह, फरीद अहमद, भूरा, आसिफ हुसैन, शाहिद हुसैन, तेजवीर बसीवाल,खालिद अंसारी एडवोकेट,सरदार पाले सिंह,नितिन कुमार, अफ़सार ठेकेदार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**भली लगे या बुरी ...**

## तेल संकट और चुनौतियां

ईरान पर अमेरिका व इस्राइल के हमले, ईरान के जवाबी हमलों तथा होर्मुज जलडमरूमध्य से कच्चे तेल के परिवहन में आई बाधाओं के कारण आज सारी दुनिया तेल मूल्यवृद्धि का शिकार है जिसका असर भारत पर भी पड़ रहा है। पिछले एक पखवारे में कई बार दाम बढ़ने के चलते पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर के ऊपर पहुंच गया है तथा डीजल भी 95 का आंकड़ा पार कर चुका है। इसके साथ ही सरकार ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलिंडरों, छोटे सिलिंडरों तथा सीएनजी के दाम भी बढ़ाए हैं। घरेलू एलपीजी की कीमतों तथा पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी और वृद्धि की आशंका बनी हुई है। इनके साथ ही अन्य पेट्रोलियम उत्पादों तथा पेट्रोलियम उत्पादों का कच्चे माल में प्रयोग होने के कारण विभिन्न क्षेत्रों में मूल्य वृद्धि दिखाई दे रही है। डीजल, पेट्रोल व सीएनजी मूल्यवृद्धि के चलते मालभाड़े व यातायात खर्च में वृद्धि अवश्यंभावी है जिसका असर महंगाई बढ़ने के रूप में सामने आ रहा है।

दरअसल, पश्चिम एशिया संकट से सारी दुनिया की आपूर्ति श्रृंखलायें बाधित हुई हैं तथा अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ व अन्य विकसित देशों में भी पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। दुनिया में हो रही चौतरफा तेल मूल्य वृद्धि को देखते हुए भारत सरकार ने वृद्धि को न्यूनतम स्तर पर रखा है, पर यदि संकट लंबा चला तथा कच्चे तेल की कीमतों में कमी न आई तो उसे भी मजबूरी में और मूल्य वृद्धि करनी पड़ेगी। भारत की स्थिति इसलिए भी नाजुक है क्योंकि वह अपनी आवश्यकता का अधिकांश तेल आयात करता है तथा पेट्रोलियम उत्पादों का भारी मात्रा में प्रयोग करने वाले उर्वरकों की भारी खपत होती है।

भारत ने हालांकि, विगत वर्षों में अपने तेल आयात का विविधीकरण किया है, पर पश्चिम एशिया का इसमें प्रमुख स्थान है तथा उसकी जरूरत का लगभग 20 प्रतिशत तेल होर्मुज की खाड़ी से होकर गुजरता है। भारत ने अपनी 'रणनीतिक स्वायत्तता' पर जोर देते हुए अमेरिकन और पश्चिमी देशों के रूसी तेल पर लगाए प्रतिबंधों के बावजूद रूस से तेल आयात जारी रखा जिससे इन देशों को मजबूरी में इसे अपवाद के रूप में स्वीकार करना पड़ा।

# मीरापुर में ईडी के छापे से हड़कंप

एसएम असलम/नितिन कौशिक/विक्रम सिंह



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** आज सुबह मीरापुर मोदीवाला में अचानक पहुंची प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम से गांव में हड़कंप मच गया। ईडी की टीम सीधे मौ. अली नम्बरदार के घर पहुंची और परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक स्थानीय पुलिस बाहर से आई टीम के कुछ सदस्य घर के बाहर मौजूद रहे। टीम के बाकी सदस्य घर में छानबीन व पूछताछ करते रहे। कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम मीरापुर मोदीवाला में आज प्रात: लगभग 6 बजे जब गांव में पुलिस एवं कई सरकारी गाड़ियों को आगे आते देखा तो ग्रामीण सहम गए। जब तक ग्रामीणों की समझ में कुछ आ पता तब तक सरकारी गाड़ियां गांव निवासी मौ. अली नंबरदार के घर पर रुक गई। गाड़ियों में सवार ईडी की टीम फुर्ती दिखाते हुए मौ. अली के घर में प्रवेश कर गई। अचानक हुई इस छापेमारी से परिजनों में हड़कंप मच गया। गांववासियों में तरह-तरह की कानाफूसी व चर्चाएं होने लगीं। स्थानीय पुलिस टीम सहित ईडी की टीम ने घर को हर तरफ से घेर लिया। इस दौरान कई सरकारी गाड़ियों का बार-बार गांव से बाहर भी आवागमन रहा। बताया जा रहा है कि क्षेत्र की एसबीआई व एचडीएफसी बैंक की शाखाओं से कुछ बैंक अधिकारियों को भी गाड़ी में बैठाकर मौ. अली के घर लाया गया है। हालांकि अभी

### टीम ने मौ. अली के घर पर धावा बोला

इस प्रकार की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मौके पर अफजलगढ़ थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी भी सहयोगी पुलिसकर्मियों सहित ईडी की टीम के साथ मौजूद हैं। समाचार लिखे जाने तक ईडी की टीम छानबीन व पूछताछ में लगी हुई थी। मौ. अली नम्बरदार के यहां हुई ईडी की इस छापेमारी से ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं गर्म हैं। मौ. अली जूते-चप्पल के कारोबारी हैं। उनका एक पुत्र दानिश नंबरदार विदेश में रहता है, जबकि बाकी पुत्र अफजलगढ़ व चौहड़वाला में स्थित अपनी जूते चप्पलों की दुकानों पर रहते हैं। छापे की अभी कोई आधिकारिक जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई है।

# श्रीराम कथा में दूसरे दिन भी उमड़ा भक्तों का सैलाब

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम टपरौला में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा में दूसरे दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ आया। कथा व्यास पंडित राम रसिक जी महाराज ने बालकाण्ड के अंतर्गत भगवान शिव-माता सती प्रसंग, पार्वती जी के कठिन तप और दिव्य शिव-पार्वती विवाह की कथा का संगीतमय वर्णन किया। दिव्य प्रसंगों को सुनकर पंडाल में मौजूद सैकड़ों भक्त भावविभोर हो गए।

कथा की शुरुआत करते हुए व्यास जी ने कहा कि त्रेतायुग में माता सती को भगवान श्रीराम के ईश्वर होने पर संशय (संदेह) हुआ था। शिवजी के समझाने पर भी उन्होंने सीता जी का रूप धरकर श्रीराम की परीक्षा ली। व्यासपीठ ने संदेश दिया कि जब जीवन में श्रद्धा कमजोर होती है, तब संशय का जन्म होता है और संशय ही मनुष्य के पतन का कारण बनता है। ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास ही भक्ति का पहला सोपान है। माता पार्वती का तप और शिव बारात की जीवंत झांकी कथा क्रम को आगे बढ़ाते हुए व्यास जी ने सती के देह त्याग और अगले जन्म में राजा हिमाचल के घर पार्वती के रूप में जन्म लेने की कथा सुनाई। भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए माता पार्वती द्वारा किए गए हजारों वर्षों के कठिन तप का वर्णन सुन श्रोताओं की आंखें नम हो गईं। इसके पश्चात जैसे ही भजनों के साथ शिव-पार्वती विवाह और भोलेनाथ की अनोखी बारात का प्रसंग शुरू हुआ, पूरा पंडाल हर हर महादेव और जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान निकाली गई दिव्य झांकी ने सभी का मन मोह लिया। आरती और प्रसाद वितरण के साथ विश्राम कथा के मुख्य यजमान सचिन चौहान उनकी पत्नी मनोरमा चौहान, यजवान विनोद चौहान सपरिवार आरती में सम्मिलित हुए। कथा के समापन पर महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कथा में मदनपाल सिंह, वरुण कुमार, रूपेश सिंह, हिमांशु चौहान, लोकेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, पवन कुमार मीणा, वीरेंद्र सिंह, अभय प्रताप, कनिष्क, रजत, आशी, गौरी, नेहा, मुस्कान, महक, सुनीता देवी, आशा देवी, सावित्री देवी, ममता देवी, निर्मला देवी आदि भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सीआरपीएफ के रिटायर्ड जवान के बंद पड़े मकान में चोरी

**नगीना ( चिंगारी )।** सीआरपीएफ के सेवानिवृत जवान के बंद पड़े घर का ताला तोड़कर चोर 64 हजार रुपये कीमत के चार बैटरे चुरा कर ले गए। पीड़ित ने थाने में घटना की तहरीर दी है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता फिरोज हैदर जैदी ने बताया कि उनके चाचा अब्बास अहमद करीब 15 वर्षों तक सीआरपीएफ में बतौर सैनिक काम कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनके चाचा का धामपुर मार्ग पर गोयल पब्लिक स्कूल के करीब एक मकान है। मकान की छत पर सोलर पैनल व बैटरे लगे हुए थे। रात्रि के समय जीने का ताला तोड़कर चोर छत पर चढ़े और चार बैटरे चुरा कर ले गए। उन्होंने बताया कि फिलहाल चाचा मकान में नहीं रह रहे थे तथा घर सुबह जाने के बाद जीने का ताला टूटा मिला तब घटना की जानकारी हुई।

## वोटर लिस्टों की गड़बड़ियों को ठीक करायें कांग्रेस कार्यकर्ता- हेनरीता

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला काजी सराय निवासी जिला सचिव फुरकान महमूद अंसारी के आवास पर धामपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, वोटर लिस्ट व पोलिंग बूथ प्रबंधन और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने संगठन की मजबूती व वोटर लिस्ट के अवलोकन के लिए जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया।



उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे जिन लोगों के वोट गलत तरीके से काटे गए हैं अथवा नाम में गड़बड़ी है, उसे बूथवार दुरुस्त कराने के काम में जुट जाएं। इसके लिए लोगों को भी जागरूक करें। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सेवानिवृत्त प्रमुख सचिव आर.के. सिंह ने भाजपा सरकार पर साम्प्रदायिकता और जातिवाद का जहर घोलकर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए जनता से विकास और भाईचारे के लिए कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी को मजबूत करने का आह्वान किया। फुरकान महमूद ने क्षेत्र में वोटर लिस्ट दुरस्त कराने व बूथ प्रबंधन का कार्य कराने का भरोसा दिलाया। बैठक में अब्दुल हकिम, डा. वेद प्रकाश शर्मा, डा. इसरार, मुकर्रम खान,नईम खान, लोकेन्द्र चौहान, जफर मलिक, नौशाद मलिक, नोशाद प्रिंस, कासिम, हाफिज रियाज, गुंजन अग्रवाल, सुधा देवी,मोहम्मद आरिफ अंसारी,मैराज सिद्दीकी, नाजमीन अंसारी आदि सहित क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों, कमेटी के पदाधिकारियों,बूथ कमेटियों के सदस्यों, जिला उपाध्यक्ष, आदि पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने की और संचालन फुरकान महमूद अंसारी ने किया।

# बस स्टैंड पर रिक्शा स्टैंड बहाल करने की मांग

## रिक्शा चालक एसोसिएशन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, विदुर स्टॉल हटाने की उठाई मांग



बिजनौर (चिंगारी)। रिक्शा चालक एसोसिएशन से जुड़े लोगों ने जिलाधिकारी जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपकर रोडवेज बस स्टैंड के मुख्य द्वार पर वर्षों से संचालित रिक्शा स्टैंड को पुनः स्थापित कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि रिक्शा चालक गरीब परिवारों से हैं और ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। रोडवेज बस स्टैंड के मुख्य द्वार पर लंबे समय से रिक्शा स्टैंड संचालित था। सड़क निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार ने यह आश्वासन देकर रिक्शा स्टैंड हटवा दिया था कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसे दोबारा स्थापित कर दिया जाएगा।

एसोसिएशन का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान ही उक्त स्थान पर विदुर स्टॉल स्थापित कर दिया गया, जिससे रिक्शा चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि विदुर स्टॉल को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर वहां पुनः रिक्शा स्टैंड बनाया जाए, ताकि रिक्शा चालकों को रोजगार संचालित करने में सुविधा मिल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष नीरज चौधरी, शहजाद नेता, तसलीम अहमद, जफर, शफीक, माजिद, नेपाल सिंह, अरविंद कुमार, संजीव, गुलशेर, साजिद, आसिफ, समर, आफाक, गुलजार, राजेश कुमार, शब्लू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# दो बच्चों की मां गैर संप्रदाय के प्रेमी के साथ फरार हुई

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। दो बच्चों की मां पति-पत्नी व मां-बच्चों के बीच मोहब्बत भरे रिश्ते व पवित्र बंधन को दरकिनार कर गैर संप्रदाय के प्रेमी संग फरार हो गई। थाना रेहड़ क्षेत्र निवासी एक राजमिस्त्री के यहां जनपद मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सरवत नगर निवासी उसका साला एवं गैर सम्प्रदाय का एक पड़ोसी राज मजदूरी करते हैं। साथ काम करते करते राजमिस्त्री के साले व दूसरे साथी मजदूर में दोस्ती हो गई और राजमिस्त्री का साला गैर संप्रदाय के अपने साथी मजदूर के घर आने जाने लगा जिसके चलते राजमिस्त्री के साल की साथी मजदूर की पत्नी से आंखें लड़ गई और प्रेम प्रसंग इतना बढ़ा कि दो बच्चों की मां वह महिला पारिवारिक प्रेम और अटूट बंधनों को दरकिनार कर गैर संप्रदाय के उस प्रेमी युवक के साथ घर से फरार हो गई? । काफी तलाश के बाद महिला का कोई अता-पता नही लग पाया। महिला के पति ने इस बाबत पुलिस को तहरीर देकर अपनी पत्नी की सकुशल बरामदगी और प्रेमी युवक व उसके बहनोई के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म का आरोपी जेल गया

धामपुर। हबीबवाला के शिफा नर्सिंग होम पर गयोलॉजिस्ट पद पर कार्यरत एक महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी गैर संप्रदाय के चिकित्सक को पुलिस ने चालान कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि नहटौर क्षेत्र एक ग्राम निवासी महिला ग्राम हबीबवाला स्थित शिफा नर्सिंग होम पर गयोलॉजिस्ट डॉक्टर के रूप में कार्यरत है महिला का आरोप है कि नर्सिंग होम के संचालक फैजान पुत्र जमीर अहमद ने उसके साथ शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म किया जिससे वह गर्भवती हो गई। अब वह शादी करने से इनकार कर रहा है। महिला की तहरीर पर पुलिस में डॉक्टर के खिलाफ धारा 69 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे व प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी डॉक्टर फैजान का चालान कर जेल भेज दिया गया है।

# गणेश जी भगवान के जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। प्राचीन शिव मन्दिर मोहल्ला दीवान परमान्दन के प्रागंण में श्री शिव महापुराण कथा के पांचवें दिवस पर कथा व्यास पडित अमित कोशिक ने बहुत सुन्दर श्री गणेश जी भगवान के जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया। कथा में श्रोताओ की अपार भीड रही। कथा व्यास ने कहा की माता पार्वती की प्रार्थना करने के बाद भगवान शिव ने गणेश भगवान की पूजा की। सर्वप्रथम गणेश जी की पूजा के बिना कोई भी कार्य सफल नही होता। कथा में विवेक अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, पिंकी शर्मा, प्रमोद तिवारी। शुषमा तिवारी, सुनील करनवाल, अरविंद त्रिवेदी, मुकेश भारद्वाज, प्रफुल्ल वशिष्ठ, महेंद्र, नीरज ठाकुर, सत्येंद्र शर्मा आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अवैध रूप से काटी जा रही कालोनी बुलडोजर से ध्वस्त की



बुलडोजर से अवैध रूप से काटी जा रही कालोनी ध्वस्त करते हुए।

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम भागूवाला कोटावाली नदीं पुल के पास जिला पंचायत की ओर से बुलडोजर चलवाकर अवैध रूप से काटी जा रही कालोनियों को ध्वस्त किया गया। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी विकास मिश्र के निर्देशन में गठित टीम में शामिल अवर अभियंता रोहित कुमार, लेखपाल पवन दिवाकर, कानूनगो शरफुद्दीन आदि ने अवैध कालोनियों पर किए जा रहे निर्माण कार्य को जेसीबी से ध्वस्त कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पुलिस बल के मौजूद रहे। अवर अभियंता रोहित कुमार ने बताया कि बिना ले आउट पास कराए अवैध रूप से कालोनियों का निर्माण कराया जा रहा था। जिला पंचायत के द्वारा मानचित्र स्वीकृति के बिना जो भी कालोनियां विकसित की जा रही हैं, सभी पर कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में अवैध कालोनियों के ध्वस्त होने पर हड़कंप मच गया। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से निर्माण की जा रही कालोनियों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# बरसी पर वरिष्ठ पत्रकार जफर जैदी को याद कर मगफिरत की दुआ की



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के वरिष्ठ जफर जैदी को उनकी पहली बरसी पर नगर के पत्रकारों ने उन्हें याद कर उनकी मगफिरत के लिए दुआ की। उनके पुत्र मुजफ्फर अली ने कहा है कि उनके वालिद वरिष्ठ पत्रकार जफर जैदी को 2 जून 2026 को बिछड़े हुए पूरा एक साल हो गया है। कहते हैं वक्त हर ज़ख्म भर देता है, मगर कुछ जुदाइयां ऐसी होती हैं, जिनकी कसक उम्र भर साथ रहती है। एक साल गुज़र गया, लेकिन आज भी ऐसा लगता है जैसे उनकी आवाज़, नसीहतें व दुआएं आसपास घूम रही हैं। वह सिर्फ़ एक पिता नहीं थे, बल्कि उनकी हिम्मत, उनकी रहनुमाई तथा उनके लिए एक मज़बूत साया थे। उनकी मोहब्बत व दी हुई तालीम आज भी उसकी ज़िंदगी का सबसे बड़ा सहारा है। कभी-कभी उनकी अपने वालिद से मोहब्बत वाली लड़ाई भी हो जाया करती थी। उस वक्त जो बातें मामूली लगती थीं, आज वही यादें सबसे ज्यादा रुलाती हैं। आज भी कई बार दिल करता है कि किसी बात पर आपसे बहस करूं, फिर आपकी मुस्कुराहट देखकर मान जाऊं। मगर अब न वो बातें हैं, न वो लम्हे...सिर्फ़ उनकी खूबसूरत यादें हैं जो हर रोज़ उनको क़रीब ले आती हैं। आज उनके वालिद उनके बीच नहीं हैं, मगर उनकी हर दुआ में, हर याद में और दिल की हर धड़कन में मौजूद हैं। जर्नलिस्ट वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों नौशाद मुल्तानी, राजपाल सिंह चौहान, नवाब अली, अवधेश शर्मा, इरफान अंसारी आदि ने पत्रकार मरहूम ज़फ़र जैदी की मग़फ़िरत फ़रमाने व उन्हें जन्नतुल फ़िरदौस में आला मुक़ाम अता फ़रमाने के लिए अल्लाह से दुआ की है।

## नाम परिवर्तन सूचना

पहले मेरा नाम MOHAMMAD ZAMAN था अब मैंने अपना नाम बदलकर MOHD ZAMAN रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHD ZAMAN S/O AFZAL AHMED निवासी R/o 94 HUSAINPUR HAMEED HABIBWALA, DHAMPUR BIJNOR-246761

## सूचना

मैने अपनी स्वेच्छानुसार मुस्लिम धर्म छोड़कर अपना पूर्व हिन्दू धर्म, हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार अपना लिया है तथा भविष्य में मैं हमेशा हिन्दू धर्म का पालन करूंगी तथा मुझे भविष्य में पूर्व नाम चेतना गुप्ता व पुत्री का नाम आशु गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाए।

-चेतना गुप्ता पुत्री स्व. श्री कोमल प्रसाद, निवासी मौहल्ला जाब्तागंज कस्बा, थाना, व तहसील नजीबाबाद (जिला बिजनौर)

# चिकित्सक की शिकायत पर गैस सर्विस पर 27 लाख का जुर्माना

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद गैस सर्विस के विरुद्ध मिली शिकायतों की जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने एजेंसी पर 27 लाख 81 हजार 572 रुपये का अर्थदंड लगाया है। नजीबाबाद निवासी डॉ. अतुल बहादुर सक्सेना ने आईजीआरएस पोर्टल पर नजीबाबाद गैस सर्विस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के निस्तारण के दौरान पूर्ति निरीक्षक डीके वर्मा ने उन्हें अवगत कराया कि जांच में अनियमितताएं पाए जाने के आधार पर एजेंसी पर कुल 27.81 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। चिकित्सक का कहना कि गैस बुकिंग कराने के बावजूद उन्हें समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया गया। शिकायत के बाद उन्हें सिलेंडर तो मिल गया, लेकिन उन्होंने एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग जारी रखी। हालांकि शिकायतकर्ता इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि केवल जुर्माना लगाना पर्याप्त नहीं है। उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए एजेंसी का लाइसेंस निरस्त किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं की पुनरावृत्ति न हो।

# किसानों से अभद्रता करने पर भाकियू में रोष



## तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा के नेतृत्व में किसानों ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर सहकारी समिति नसीरपुर बनवारी पर किसानों के साथ अभद्रता किए जाने व अधिक मूल्य लेकर खाद देने और जबरन नैनो खाद भी दिए जाने पर रोष व्यक्त किया है। ज्ञापन में नसीरपुर बनवारी सहकारी समिति के सभापति और सचिव के खिलाफ जांच कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।

## 'बार' के चुनाव निश्चित समय पर कराने की मांग

**धामपुर ( चिंगारी )।** बार एसोसिएशन ,धामपुर के एक दर्जन से अधिक सदस्यों ने पूर्व एडल्ट कमेटी चैयरमैन योगेंद्र पाल सिंह एडवोकेट व बार एसोसिएशन,धामपुर के अध्यक्ष को ज्ञापन देकर बार एसोसिएशन धामपुर के चुनाव निश्चित समय पर कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि बार एसोसिएशन धामपुर की कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा हो गया है इसलिए नया चुनाव निश्चित समय पर कराया जाए। ज्ञापन पर एक दर्जन से भी अधिक अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर हैं।

# प्रेमिका के गर्भवती होने पर युवक ने उसे छोड़ दिया

## लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे दोनों

**नहटौर ( चिंगारी )।** युवक प्रेम संबंधों के चलते युवती को छोड़कर नहटौर आ गया। जिस पर युवती ने नहटौर थाने पहुंचकर हंगामा करते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। युवक की 7 महीने पहले ही शादी हुई थी। बीती शाम को नहटौर थाने पहुंची एक युवती ने आरोप लगाया कि नगर के एक मोहल्ला निवासी युवक ने नोएडा में रहने के दौरान उसके साथ शादी की थी, जिसके बाद वह गर्भवती है। युवक उसे छोड़कर नहटौर आ गया। युवती से जब युवक का कोई संपर्क नहीं हुआ तो वह भी युवक के घर पहुंच गई और उसने युवक पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। नहटौर थाने पहुंचकर भी काफी देर तक युवती आरोप-प्रत्यारोप लगाती रही। पुलिस ने दोनों पक्षों से मामले की जानकारी ली। बाद में कुछ लोगों की उपस्थिति मे युवक देर सायं को युवती को अपने साथ ले गया। वही बताया जाता है कि युवक और युवती दोनो पहले से ही विवाहित हैं और दोनों लिव इन रिलेशन में बीते 8 माह से नोएडा में रह रहे थे। युवक की पत्नी भी इसी बात पर अपने घर चली गई है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गयी है। तहरीर मिलने पर कारवाई होगी। दोनों पहले से ही विवाहित है। आठ माह से दोनो लिव इन रिलेशन में नोएडा स्थित किराये के मकान में रह रहे थे। युवती को युवक के घर का पता नहीं था इसलिए वह थाने आई थी।

## कार्यालय नियत प्राधिकारी/उपजिलाधिकारी विनियमित क्षेत्र, बिजनौर (बिजनौर)

पत्रांकः 107/वि.क्षे./ई-टेन्डर/26-27    दिनांकः- 02.06.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विनियमित क्षेत्र, बिजनौर की अवस्थापना शुल्क निधि से जनपद बिजनौर में 05 कार्य ऑनलाईन की निविदा अभिलेख एवं शर्ते वेबसाईट www.eternder.up.nic.in पर दिनांक 02.06.2026 की प्रातः 10.00 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है तथा दिनांक 10.06.2026 की प्रातः 10.00 बजे तक वेबसाइट www.eternder.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा प्रतिशत दरों पर डाल सकते है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 10.06.2026 की दोपहर 12.00 बजे खोली जायेगी। दिनांक 10.06.2026 को निविदा कार्यालय के निविदा बॉक्स में 11.00 बजे तक डालना अनिवार्य है।

( रीतू रानी )
नियत प्राधिकारी/उपजिलाधिकारी
विनियमित क्षेत्र, बिजनौर

# मानव तस्करी रोकथाम अधिनियम विषय पर साक्षरता शिविर का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के माह मई के एक्सन प्लान के तहत व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर के निर्देशानुसार विधिक सेवा समिति धामपुर द्वारा मानव तस्करी रोकथाम अधिनियम ( ITPA) 1956 विषय पर साक्षरता शिविर का आयोजन शिवनगर कॉलोनी धामपुर में किया गया।

शिविर में पराविधिक स्वयं सेवक जयवीर सिह ने बताया कि व्यावसायिक यौन शोषण और वेश्यावृत्ति के लिए की जाने वाली तस्करी रोकने के लिए ITPA 1956 लागू है। उन्होंने कहा कि वेश्यालय चलाने, बहला-फुसलाकर वेश्यावृति कराने, नाबालिग का यौन शोषण करने वालों के विरुद्ध कड़े दण्ड का प्रावधान है। यह कानून बंधुआ मजदूरी पर भी रोक लगाता है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 23(1) में भारत में इन्सानों की खरीद-फरोख्त व बेगार को पूर्णतः प्रतिबन्धित किया गया है।

यदि आपको मानव तस्करी से जुड़ी किसी आपातकालीन स्थिति या अपराध की शिकायत करनी हो तो आप राष्ट्रीय स्तर पर एंटी ह्यूमन यूनिट U AHTU या 112 पर संपर्क कर सकते है। शिविर में मंजू रानी, आशादेवी, मनसा, हरी ओम, रीता सिंह, बबीता, सुधांशु आदि उपस्थित रहे।

# आर्य परिवार ने मिशन शक्ति केन्द्र में लगवाया एसी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्राम स्याऊ निवासी आर्य परिवार ने भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए महिला कर्मियों की सुविधा के लिए, थाना परिसर में स्थित मिशन शक्ति केंद्र में अपनी ओर से एसी लगवाकर सराहनीय कार्य किया। ग्राम स्याऊ की पूर्व प्रधान श्रीमती आर्य विनोद कुमारी, उनके पति रायबहादुर आर्य व पुत्र हर्षित बहादुर आर्य की ओर से मिशन शक्ति केंद्र में एसी लगवाया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने बटन दबाकर एसी चलाया।



# नालियों की करायें सफाई प्रधान से गुहार लगाई



**खासपुरा ( चिंगारी )।** नालियों की साफ- सफाई न होने से आ रही बदबू के साथ ही बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। गांवों को साफ स्वच्छ बनाने के लिए भले ही लाखों रुपये खर्च किए गए हों, लेकिन अभी भी खासपुरा ग्राम पंचायत में नालियों की साफ सफाई नहीं हो रही है। साथ ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है, कि ग्राम पंचायत सरपंच की अनदेखी के कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। गांव में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। वहीं नाले-नालियां भी जाम होने से गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। गंदगी से परेशान ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से इस और ध्यान देने की गुहार लगाई है।

# बड़े मंगलवार को अधिवक्ताओं ने बांटा हलवा

## मंडी युवा व्यापार संगठन ने किया धार्मिक कार्यक्रम

**धामपुर ( चिंगारी )।** कल बड़े मंगलवार के अवसर पर उप जिलाधिकारी कार्यालय परिसर के गेट नंबर एक पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा,गजेंद्र सिंह एडवोकेट, उमाशंकर शर्मा, विनय गुप्ता, सुरेश कुमार, योगेंद्र पाल सिंह, शहजादा परवेज, राजपाल सिंह, वीरेंद्र कुमार, अल्ताफ एडवोकेट आदि ने हलवे का प्रसाद वितरित किया। इनके अलावा मंडी युवा व्यापार संगठन द्वारा राजगढ़ियो की धर्मशाला में धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। पूजन एवं आरती के यजमान महेश शर्मा पत्रकार रहे।

इस अवसर पर पंडित ऋषि राम शर्मा ने हनुमान चालीसा, राम स्तुति एवं हनुमान जी आरती कराई। इसके बाद हलवा, आलू, पुरी का भोग लगाया गया। संगठन के अध्यक्ष




अजय कुमार पिंटू ने बताया इस बार 8 बड़े मंगलवार पड़ रहे हैं इसलिए सभी आठ मंगलवार को बड़ा मंगलवार का कार्यक्रम विधि विधान से किया जा रहा है।

संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू मनोज धनोरिया, विपुल जैन, राजीव कुमार, राजकुमार, विजय कुमार, विद्युत विभाग के अधिकारी शिवराम, विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री अमित शर्मा, नगर मंत्री अंकित चौहान, विवेक कुमार, विकास कुमार, राकेश कुमार, अनिल कुमार जी आदि रहे।

# निर्माणाधीन मकान की दीवार गिराई

## मारपीट, धक्का-मुक्की और पथराव किया, मुकदमा दर्ज

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला कोटरा में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार को कुछ दस लोगों के विरुद्ध मारपीट व पथराव करने और गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों से हमला करने का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।



मुहल्ला कोटरा निवासी जमाल अहमद पुत्र इकरार अहमद ने पुलिस तहरीर देकर बताया कि गत 31 मई की दोपहर दोपहर 12 बजे उनके मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। आरोप है कि इस बीच पास में ही रहने वाले वरीस पुत्र फरीद, खुर्शीद पुत्र फरीद, साकिब उर्फ भूरा पुत्र इदरीस, अंसार, 6 महिलाओं व युवतियों के साथ लाठी -डन्डों से लैस होकर वहां आये और निर्माण कार्य में बाधा डालटे हुए जबरन निर्माणाधीन दीवार व कॉलम को गिरा दिया। आरोप है कि इस दौरान एकजुट होकर आये लोगों ने जमकर गाली-गलौच करते हुए पत्थरबाजी की और धक्कामुक्की कर मारपीट शुरू कर दी। भीड़ द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिये जाने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आरोपियों के हमले में पीड़ित परिवार के लोगों को मामूली चोट भी लगी। जमाल अहमद का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें निर्माण कार्य बंद न करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। यह सारी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरों मे कैद हो गई, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में तहरीर के आधार पर महिलाओं व युवतियों सहित दस लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गई है। पीड़ित जमाल के मुताबिक आरोपियों से उनका भूमि सम्बन्धी विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपियों द्वारा इस मामले में फैसला करने के लिए उन पर दबाव बनाया जा रहा है और तरह-तरह से परेशान किया जा रहा है।

# बीकेजी ज्वैलर्स के कर्मचारियों ने नोटों से भरा पर्स उसके मालिक को लौटाया



चांदपुर (चिंगारी)। नगर के प्रतिष्ठित बीकेजी ज्वैलर्स के कर्मचारियों ने नोटों से भरे पर्स को उसके मालिक को सौंपकर अपनी ईमानदारी का परिचय दिया। मंगलवार को बीकेजी ज्वैलर्स के कर्मचारी पं. वीरेन्द्र कुमार शर्मा व दीपक कुमार शर्मा स्कूटी से किसी कार्य से रोडवेज बस स्टैंड गये थे। उनकी स्कूटी बस स्टैंड पर खड़ी थी, कुछ देर बाद जब वे अपनी स्कूटी लेने आये तो उन्हें स्कूटी की सीट पर एक पर्स रखा मिला। काफी तलाश करने पर भी जब पर्स मालिक वहां नहीं आया तब उन्होंने अन्य लोगों की उपस्थिति में पर्स को चैक किया। पर्स नोटों से भरा हुआ था तथा उसमें आधार कार्ड, लाइसेंस व मोबाइल नंबर लिखा हुआ पर्चा मिला। फोन करने पर पर्स स्वामी ने अपना नाम संजीव कुमार निवासी ग्राम बुढ़नपुर पट्टी स्योहारा बताया। इसके बाद संजीव कुमार चांदपुर आये तथा बीकेजी ज्वैलर्स के कर्मचारियों ने पर्स उसके मालिक को सौंप दिया। नोटों से भरे पर्स को उसके मालिक को वापस कर ईमानदारी का परिचय देने वाले दोनों कर्मचारियों वीरेन्द्र शर्मा व दीपक शर्मा ने कहा कि उन्हें ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा बीकेजी ज्वैलर्स के स्वामी गोविन्द मित्तल से मिली है। बाबू जी हमेशा कहते हैं, ईमानदारी से कार्य करने वाले के साथ भगवान होता है तथा ईमानदार व्यक्ति कभी दुखी नहीं रहता है।

# डीपीएस के छात्र विधान अग्रवाल ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा में पायी 619 वीं रैंक

**बिजनौर ( चिंगारी )। दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर के मेधावी छात्र विधान अग्रवाल ने परीक्षा में जे.ई.ई. एडवांस्ड में ऑल इंडिया रैंक 619 प्राप्त कर विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम गौरवान्वित किया है।**



इससे पूर्व विधान ने जे.ई.ई. (मुख्य) परीक्षा में 99.98 पर्सेंटाइल तथा ऑल इंडिया रैंक 386 प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। विधान ने इसी साल दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर से कक्षा 12 की परीक्षा 90.8 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है।

विधान के पिता डॉ. नितिन अग्रवाल, जो बिजनौर के प्रसिद्ध अस्थि-रोग विशेषज्ञ (आर्थोपेडिक सर्जन) हैं, का मार्गदर्शन, स्नेह और निरंतर प्रोत्साहन भी इस सफलता में महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग ने विधान की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या पायल कपूर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, जे.ई.ई. एडवांस्ड जैसी चुनौतीपूर्ण एवं प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 619 प्राप्त करना अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। विधान की सफलता उनके अथक परिश्रम, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा परिवार के अटूट सहयोग का परिणाम है।



# टीम के साथ ताजपुर पहुंचे गायक रणधावा

## ऐतिहासिक चर्च में की गाने की शूटिंग



**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** पंजाबी बीट्स,पॉप ओर वालीवुड गायक गुरु रणधावा अपने एक गाने की डेढ़ मिनट की शूटिंग के लिए आज यहां की ऐतिहासिक चर्च में अपनी टीम के साथ करीब आठ घंटे मौजूद रहे। गुरु रणधावा सहित सभी कलाकारों ने चर्च की सुंदरता व इसकी लोकेशन की प्रशंसा की। दर्शकों की भीड़ उमड़ आई। लोग उनकी झलक देखने के लिये चर्च की बाउंड्री पर चढ़ गये।

तू मेरी रानी, सेम गर्ल, सूट-सूट करदा, लाइफ सेवर, चढ़ गई आदि गीतों से वालीवुड में तहलका मचा देने वाले पंजाबी गायक गुरु रणधावा आज अपने साथियों के साथ डेढ़ मिनट के गाने की शूटिंग के लिए चर्च पहुंचे। शूटिंग के दौरान चर्च को उनके निजी बाउंसरों ने सुरक्षा प्रदान की। चर्च कैम्पस फ़िल्म सिटी बना रहा। गाने की शूटिंग के लिये लकड़ी से भरा ट्रक यहां आम के बाग में लाकर पलटा गया। डायरेक्टर महावीर सिंह, प्रोडक्शन मैनेजर अंकित देशवाल ने बताया कि उन्होंने तीन मिनट के एक गाने की आधी शूटिंग पटियाला में तथा आधी शूटिंग चर्च परिसर के विभिन्न हिस्सों में की है। चर्च में आना सब कुछ राजा इंद्रजीत सिंह से सम्पर्क करने पर हो पाया। उन्होंने शूटिंग में टीम को बहुत हेल्प की। उन्होंने बताया कि चारों तरफ हरियाली से घिरा पिरेमिड आकार में बना अति सुन्दर चर्च परिसर का वातावरण बहुत ही सुन्दर है। उन्होंने कहा कि कई ऐतिहासिक स्थानों पर गाने, मूवी शूट की हैं। लेकिन इतना सुन्दर स्थान पहली बार देखा हैं। हीरोइन चाहत ने भी चर्च की सुंदरता की तारीफ की। बहुत जल्दी वे यहां मूवी बनाने आयेंगे। इससे पहले सिंगर उत्तम कुमार यहां एक फ़िल्म का गाना शूट कर चुके हैं।

# प्रजापति ब्रह्माकुमारियों ने छबील लगाई, भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाई

**चांदपुर ( चिंगारी )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, चांदपुर द्वारा मां जगदंबा सरस्वती (मम्मा) स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में गोकुलनगर कॉलोनी स्थित सेवा केन्द्र के समक्ष विशाल छबील का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सर्वेश अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया।इस अवसर पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी साधना दीदी, मुख्य संचालिका, सेवा केन्द्र चांदपुर ने कहा कि मां जगदंबा सरस्वती का जीवन सेवा, पवित्रता और आध्यात्मिकता का श्रेष्ठ उदाहरण है। उनकी स्मृति में आयोजित इस जल सेवा का उद्देश्य मानवता की नि:स्वार्थ सेवा करना है। कार्यक्रम में श्री सर्वेश अग्रवाल को ईश्वरीय साहित्य एवं ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किया गया। छबील में हजारों राहगीरों एवं स्थानीय भाई-बहनों ने शीतल जल ग्रहण कर गर्मी से राहत प्राप्त की। इस सेवा कार्य में ब्रह्माकुमारी साधना दीदी, ब्रह्माकुमार महावीर भाई, ब्रह्माकुमारी पूजा दीदी सहित अनेक ब्रह्माकुमार एवं ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों ने सहयोग प्रदान किया।



# परिवर्तन यात्रा की सफलता के लिये गांव-गांव घूमे आसपा कार्यकर्ता



**खासपुरा ( चिंगारी )।** 4 जून को होने वाली सत्ता परिवर्तन यात्रा को लेकर आजाद समाज पार्टी (काशीराम) और भीम आर्मी के सदस्यों ने नूरपुर ब्लॉक के गांव-गांव जाकर परिवर्तन रैली को सफल बनाने के लिए लोगों को जागरूक किया। भीम आर्मी के पदाधिकारी और सदस्यों ने लोगो को यात्रा में पहुंचने का आह्वान किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आज़ाद के नेतृत्व में यह यात्रा 4 जून से प्रारंभ हो रही है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य आयुष कुमार, विधानसभा अध्यक्ष रोहित कुमार ने कहा आजाद समाज पार्टी आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में राजनीति को नई दिशा देगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी मज़बूत राजनीतिक विकल्प के तौर पर उभरेगी। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य आयुष चौहान, नूरपुर विधानसभा अध्यक्ष रोहित कुमार, भीम आर्मी जिला सचिव सुरेंद्र कुमार,विधानसभा उपाध्यक्ष हिमांशु कुमार, अंकित उपाध्यक्ष विधानसभा नूरपुर, अमिर खान महासचिव विधानसभा नूरपुर मौजूद रहे।

# पुलकित हॉस्पिटल में आयोजित गोष्ठी में चिकित्सकों ने दी रोगों की जानकारी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** यहां बैराज रोड स्थित पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल के प्रांगण में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. हरीश कुमार मित्तल द्वारा होम्योपैथिक एसोसिएशन बिजनौर के संरक्षक डॉ. हितेश विश्नोई, अध्यक्ष डॉ. विनोद शर्मा, सचिव डॉ. कौशतभ गोयल एवं डॉ. नवनेश कोठारी सहित समस्त डॉक्टरों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. दिनकर राणा घुटनों का प्रत्यारोपण सम्बंधी, डॉ. साक्षी चौहान द्वारा समस्त महिला सम्बंधी बीमारियों एवं डॉ. अनुविभू द्वारा सर्जरी से सम्बंधी जानकारियां दी गई। गोष्ठी के समापन पर डॉ. दिग्विजय सिंह द्वारा आये हुये सभी डॉक्टरों का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. शूरवीर सिंह, डॉ. राहुल कुमार त्यागी एवं डॉ. सुमित विश्नोई के साथ पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल के प्रबंधक वीरेंद्र एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन एच.आर. श्रीमती प्रीति सिसौदिया एवं सीनियर मार्केटिंग मैनेजर सीपी सिंह ने किया।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर 17 जून को

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रघुनाथ प्रसाद, विरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ द्वारा प्रत्येक माह लगाए जाने वाले नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर की श्रृंखला में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन 17 जून 2026- बुधवार स्थान- अग्रवाल भवन प्रथम तल भारतीय स्टेट बैंक नूरपुर रोड, बिजनौर पर लगाया जा रहा है। शिविर पूर्व की भांति निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश उत्तरांचल की कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा लगाया जा रहा है। मरीजों से निवेदन है कि जिस मरीजों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराना है, वह अपना आधार कार्ड साथ में अवश्य लाएं। नेत्र शिविर प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगा तथा पूर्णतया नि:शुल्क होगा।


बिजनौर में खुल गया है
ATHER
ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# शहरी व ग्रामीण सभी उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली फ्री दिलाने की मांग

## माकपा ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय किसान सभा ने देश की राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन पश्चिमांचल विद्युत खण्ड के एसडीओ शहरी गवेंद्र सिंह को देकर बिजली से संबंधित समस्याओं को हल कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार बिजली के स्मार्ट मीटर लगा रही है, जिससे जनता में रोष है। लेकिन सरकार बिजली को निजी कम्पनियों को देने पर आमादा है। सन् 1949 के बिजली कानून में बिजली को बिना लाभ-हानि के बेचने की बात कही गयी थी, परन्तु वर्तमान भाजपा सरकार ने बाजार रेट पर बेचने का प्रावधान कर दिया है, बिजली बोर्ड भंग कर दिया है। देहात में नलकूपों व घरों में स्मार्ट मीटर लगा दिए गये हैं, रेट कई गुना बढ़ा दिये हैं। बिजली चोरी रोकने के नाम पर उत्तर प्रदेश में बिजली पुलिस थाने बनाये गये हैं जो गलत है। स्मार्ट मीटर तकनीक से जनता की लूट व कर्मचारियों की छंटनी व शोषण होगा ये मीटर विभाग से नहीं प्राइवेट कम्पनियों के कार्यालयों से संचालित होंगे। करोड़ों मीटरों का काम अडानी पावर कारपोरेशन को दिया जा चुका है। इस शोषण का भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व किसान सभा विरोध करती है। उन्होंने स्मार्ट मीटर तुरंत हटाकर साधारण मीटर लगाने, मीटर लगाने व हटाने का खर्च विभाग से दिलाने, किसानों को बिना मीटर 24 घंटे बिजली दिलाने, देहातों में घरेलू बिजली सप्लाई 24 घंटे जारी रखने, शहरी व ग्रामीण सभी उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली फ्री दिलाने, बिजली विभाग के कर्मचारियों की भर्ती कराने, संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को स्थायी कराने, बिजली का निजीकरण बंद कर संशोधन विधेयक 2025 वापस लेने, बिजली पर बढ़ा 10 प्रतिशत सरचार्ज वापस लेने, ग्राम कल्हेड़ी-मौ. अलीपुर हदय में ग्रामीणों के घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन के तार हटवाने आदि की मांगें की गईं। जिलामंत्री का. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता एवं का. इसरार अहमद के संचालन में ज्ञापन देने वालों में कामरेड रामपाल सिंह, का. तौसीफुल हसन, चुन्नम सिंह, का. उस्मान, तिलकराम, मौ. इरफान, मौ. फरीद आदि मौजूद रहे।

## नरेश टिकैत के पुत्र गौरव टिकैत 5 जून को आयेंगे नांगल

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भाकियू (टिकैत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नरेश टिकैत के पुत्र गौरव टिकैत 5 जून को नांगल क्षेत्र में पहुंचकर भाकियू कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे तथा राष्ट्रीय चिंतन शिविर की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। भाकियू (टिकैत) द्वारा प्रतिवर्ष 15, 16, 17 व 18 जून को हरिद्वार में राष्ट्रीय चिंतन शिविर आयोजित किया जाता है। इस शिविर में संगठन के साथ-साथ कृषि मुद्दों को लेकर प्रदेश एवं देश की राजनीति पर भी चर्चा की जाती है तथा भविष्य के आंदोलनों की रणनीति तैयार की जाती है। राष्ट्रीय चिंतन शिविर की तैयारियों के क्रम में 5 जून को अपराह्न 2.30 बजे संगठन के शीर्ष नेतृत्व से गौरव टिकैत क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। भाकियू के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने बताया कि वे ग्राम खानपुर और मायापुरी के बीच स्थित भारत बैंकेट हॉल में कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करेंगे। भाकियू कार्यकर्ता गौरव टिकैत की पंचायत की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# मंदिर ठाकुरद्वारा में हुई ब्राह्मण समाज की मासिक बैठक



**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर स्थित मंदिर ठाकुरद्वारा में ब्राह्मण समाज की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्राह्मण समाज कमेटी के अध्यक्ष घनश्यामदत्त शुक्ला ने की। बैठक में मंदिर ठाकुरद्वारा के नवनिर्माण कार्य, मंदिर परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था, पुजारी की नियुक्ति एवं व्यवस्थाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने मंदिर के विकास एवं धार्मिक गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। अध्यक्ष घनश्यामदत्त शुक्ला ने कहा कि मंदिर की व्यवस्था को बेहतर बनाने और समाज को संगठित रखने के लिए सभी सदस्यों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने मंदिर के नवनिर्माण एवं रखरखाव संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर जोर दिया। बैठक में ब्राह्मण समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में समाज हित एवं मंदिर के विकास के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# किसानों की प्रमुख समस्याओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन दिया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की एक बैठक नजीबाबाद तहसील परिसर में आयोजित की गयी। बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि इस समय किसानों की बहुत सी प्रमुख समस्याएं हैं, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी किसानों की समस्याओं को हल करने में अपनी कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। किसानों के हकों की आवाज उठाने पर फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जाती है। ऐसे में किसानों का भला कैसे संभव है। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जून माह में देव नगरी हरिद्वार में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर के लिए 3, 4 व 5 जून 2026 तारीख तय की गई है। 3, 4 व 5 जून को हरिद्वार में चौ. चरण सिंह (वीआईपी घाट) हरिद्वार में भाकियू लोकशक्ति का तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर के किसानों की समस्याओं व मांगों पर मंथन करके आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। ज्ञापन में किसानों की प्रमुख मांगें पर्यावरण को दूषित करने वाली फैक्ट्रियों से निकलने वाले दूषित जल व धुएं को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाने, सभी शुगर मिलों से किसानों के गन्ने का भुगतान 14 दिन के भीतर कराने, आगामी पेराई सत्र 2026-27 में गन्ने का भाव 550 रुपए क्विंटल घोषित कराने, किसानों की 4 प्रतिशत सब्सिड शीघ्र वापिस कराने, भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने, जनपदवासियों को आदमखोर गुलदारों के आतंक से मुक्ति दिलाने, किसानों के लिए डीएपी व यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने आदि की मांगें की गईं। बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत, डॉ. अरूण कुमार, जयप्रकाश सिंह, बलवेंद्र सिंह फौजी, मुनेंद्र सिंह, मुब्बिशर बेग, अकरम अली, सत्यपाल सिंह, नैपाल सिंह, अमर सिंह, बीरबल सिंह, शहजाद अली, मोनिका चौधरी, मधु रानी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेट उम्मी वानिया को चैक देकर सम्मानित किया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज की एनसीसी कैडेट उम्मी वानिया ने मंडल स्तर पर आयोजित ग्रुप स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर 3 से 12 जून तक फतेहगढ़ में होने वाली प्रदेश स्तरीय इंटर डायरेक्टरेट स्पोर्ट्स शूटिंग कम्पटीशन अंडर कमांड कमांडिंग ऑफिसर 30 यूपी बीएन एनसीसी शूटिंग प्रतियोगिता में चयनित हुई छात्रा की इस शानदार उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधक सुहेलुर्रहमान एवं रेबा रहमान द्वारा 5000 का चैक देकर उसे विशेष रूप से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। मंडल स्तर पर नजीबाबाद क्षेत्र एवं कॉलेज का नाम अपनी सटीक निशानेबाजी से रोशन करने वाली इस मेधावी एनसीसी कैडेट को पुरस्कृत करते हुए कालेज प्रबंधक सुहैलर्रहमान ने कहा कि यह पूरे कॉलेज एवं क्षेत्र की बालिकाओं के लिए गर्व की बात है। उन्होंने अन्य छात्राओं को भी खेल एवं एनसीसी जैसी गतिविधियों में उत्साह से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बड़ी सफलता का श्रेय कॉलेज की एनसीसी प्रभारी हिना सैफी के कुशल मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि एनसीसी प्रभारी हिना सैफी की कड़ी मेहनत व सही रणनीति के कारण ही छात्रा इस मुकाम तक पहुंच पाई। कॉलेज प्रबंधन समिति की सदस्य रेबा रहमान ने छात्रा की पीठ थपथपाते हुए कहा कि बेटियों की यह सफलता साबित करती है कि वह हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कॉलेज में एनसीसी की सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। समारोह को संबोधित करते हुए कॉलेज की प्रिंसिपल शबाना परवीन ने छात्रा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अनुशासन व कड़ी मेहनत से ही ऐसी बड़ी सफलताएं हासिल होती हैं। इस अवसर पर समस्त कॉलेज स्टाफ एवं शिक्षिका मौजूद रहीं। संचालन एनसीसी प्रभारी हिना सैफी ने किया।

# व्यापारी नेता ने की नगर में घूम रहे कटखने कुत्तों को पकड़वाने की मांग



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन नवाब नजीबुद्दौला शाखा के अध्यक्ष मोनू टाटा ने स्थानीय प्रशासन से नगर में बड़ी संख्या में घूम रहे आवारा कटखने कुत्तों को पकड़वाकर नागरिकों की इनसे सुरक्षा कराने की मांग की है। व्यापारी नेता मोनू टाटा ने कहा कि नगर के गली-मौहल्लों में बड़ी संख्या में आवारा कटखने कुत्ते घूम रहे हैं। यह कुत्ते अब तक न जाने कितने लोगों को काटकर घायल कर चुके हैं। इन कुत्तों ने लोगों का सुबह सवेरे व रात को घूमने निकलना दूभर कर दिया है। कुत्तों के झुंड बड़े व बच्चों को कहीं भी घेर लेते हैं तथा उन पर हमला कर घायल कर देते हैं। अभी पिछले दिनों भीषण गर्मी के कारण पागल हुए एक कुत्ते ने थाने के पास एक फोटोग्राफर सहित 13 लोगों को अचानक हमला कर काटकर घायल कर दिया था। मोहल्ला संतोमालन व कल्लूगंज में घूमने वाले कई आवारा कुत्ते लोगों के हाथों से मीट की थैली छीनकर ले जाते हैं। यह आवारा कुत्ते पॉलीथिन में ले जाए जा रहे सामान में पीछे से ही झपट्टा मारकर उसे छीनने के साथ हमला भी कर देते हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इन कुत्तों से नागरिकों की सुरक्षा कराने व आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर हाउस में रखने के आदेश हैं। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन इस ओर ध्यान न देते हुए आवारा कुत्तों के लिए नजीबाबाद में शेल्टर हाउस बनाकर इन्हें पकड़कर इसमें रखकर लोगों की सुरक्षा कराने का काम नहीं कर रहा है। उन्होंने प्रशासन से नगर में आवारा कुत्तों को पकड़कर खासकर बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं की इनसे सुरक्षा कराने की मांग की है।

# खोपड़ी के डीएनए से हुई पहचान, लेकिन मौत का रहस्य बरकरार

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** कालागढ़ केंद्रीय कॉलोनी निवासी भारत पुत्र जगतराम गुप्ता की मौत का रहस्य डीएनए रिपोर्ट के बाद भी बरकरार है। करीब 14 माह पूर्व कालागढ़ के जंगल क्षेत्र से बरामद हुई मानव खोपड़ी की पहचान भारत गुप्ता के रूप में हो चुकी है, लेकिन उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई इसका जवाब आज तक नहीं मिल सका, क्योंकि शरीर का कोई अन्य अंग न मिलने के कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी साबित नहीं कर पाई कि मृत्यु का कारण क्या रहा?

मामले में नया मोड़ तब आया जब कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने स्पष्ट किया कि घटनास्थल पर ऐसा कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिला, जिससे यह साबित हो सका कि भारत गुप्ता की मृत्यु किसी जंगली जानवर के हमले में हुई थी। वन विभाग के इस बयान के बाद नये सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि खोपड़ी मिलने के समय घटनास्थल के आसपास बाघ के पंजों के निशान तथा शव घसीटे जाने जैसे चिन्ह मिलने के कारण जंगली जानवर के हमले की आशंका जताई गई थी। हालांकि अब वन विभाग का कहना है कि उपलब्ध साक्ष्य इस निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि भारत गुप्ता की मौत जंगली जानवर के हमले में नहीं हुई तो आखिर उनकी मृत्यु कैसे हुई? क्या वह किसी दुर्घटना का शिकार हुए या फिर उनके साथ कोई आपराधिक घटना घटी? शरीर के अन्य अंग बरामद न होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट न होने के चलते इन सवालों का जवाब अभी भी मिलना बाकी है। डीएनए रिपोर्ट ने केवल यह स्पष्ट किया है कि बरामद खोपड़ी भारत गुप्ता की थी, लेकिन मौत की वजह आज भी रहस्य बनी हुई है। ऐसे में गहन जांच की आवश्यकता है। ताकि यह पता लगाया जा सके कि भारत गुप्ता की मौत के पीछे वास्तविक कारण क्या था।


भारत गुप्ता का फाइल फोटो


क्षत-विक्षत अवस्था में मिली मानव खोपड़ी

### बाघ के हमले की थी आशंका

30 मार्च 2025 को कालागढ़ स्थित हाथी कैंप के समीप जंगल क्षेत्र में एक मानव खोपड़ी क्षत-विक्षत अवस्था में बरामद हुई थी। घटनास्थल के आसपास बाघ के पंजों के निशान तथा शव घसीटे जाने जैसे चिन्ह मिलने पर बाघ के हमले की आशंका व्यक्त की गई थी। खोपड़ी की हालत अत्यंत खराब होने के कारण उसकी तत्काल पहचान नहीं हो सकी थी। स्थानीय लोगों और पुलिस ने आशंका जताई थी कि बरामद खोपड़ी केंद्रीय कॉलोनी कच्चा प्लॉट निवासी भारत पुत्र जगतराम गुप्ता की हो सकती है, जो घटना से लगभग एक सप्ताह पूर्व लापता हो गए थे। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी कालागढ़ थाने में दर्ज करा रखी थी। इसके बाद पुलिस और वन विभाग ने जंगल में शव के अन्य हिस्सों की तलाश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली थी। करीब 14 माह बाद आई डीएनए रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि बरामद खोपड़ी भारत गुप्ता की ही थी।

### मुआवजा नहीं दिया जा सकता

जब तक यह स्पष्ट न हो जाए कि मृत्यु जंगली जानवर के कारण हुई है, तब तक विभाग द्वारा कोई मुआवजा पीड़ित परिवार को नहीं दिया जा सकता। घटनास्थल पर ऐसा कोई साक्ष्य भी नहीं मिला, जिससे यह लगे कि यह जंगली जानवर का काम है।

**डॉ. साकेत बडोला, निदेशक, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व**

### मुआवजे के लिये जा सकते हैं न्यायालय

डीएनए रिपोर्ट के आधार पर भारत गुप्ता प्रकरण में एफआर लगाकर वन विभाग को रिपोर्ट भेजी गई थी, जिसमें मृत्यु का कारण हिंसक वन्य जीव का हमला बताया गया है। यदि वन विभाग इसको मानने के लिए तैयार नहीं है तो पीड़ित परिवार मुआवजे की मांग के लिए न्यायालय की शरण ले सकता है।

**संजीव ममगई, थानाध्यक्ष कालागढ़**

## अग्रवाल संस्थान ने इंदिरा पार्क में किया पौधारोपण

**बिजनौर (चिंगारी)।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान बिजनौर के तत्वावधान में मंगलवार को मुख्यालय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के पश्चात इंदिरा पार्क में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संस्थापिका श्रीमती सविता अग्रवाल ने कहा बेहतर पर्यावरण देश को बचाने में सहयोग करता है। अंजू शर्मा ने कहा पीपल का पौधा 24 घंटे ऑक्सीजन देता है, इसलिए पीपल, वट, नीम पौधों को अधिक से अधिक लगाना चाहिए। गोष्ठी में तय हुआ कि 6 जून तक लगातार रोज पर्यावरण दिवस मनाना है। रोज कहीं न कहीं पौधे लगाने हैं एवं प्लास्टिक की बोतल अथवा प्लास्टिक का कचरा नाली में नहीं फेंकने देंगे। सविता अग्रवाल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, सर्वेश गुप्ता, पूनम गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, उमा अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, कुसुमलता अग्रवाल, साक्षी शर्मा, मोहित शर्मा, हरीश गुप्ता, इंद्रपाल सिंह, विपिन कुमार, चरण सिंह, संसार सिंह, हरपाल सिंह, अंजू शर्मा, अध्यक्ष संध्या अग्रवाल, शशि शर्मा, रीता अग्रवाल, उषा शर्मा, मधु अग्रवाल, वंदना अग्रवाल आदि की उपस्थिति रहीं।



## कुश्ती में साक्षी ने कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा की कक्षा 11 की छात्रा साक्षी मलिक ने वियतनाम के दा नांग में आयोजित अंडर-17 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2026 के 57 किलो भार वर्ग में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान उसने अपने प्रतिद्वंद्वियों से कड़ा मुकाबला किया और कांस्य पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया। साक्षी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय महिला पहलवान के रूप में अपनी पहचान बनाने मे वह सफल रही प्रधानाचार्य योगेश पाल सिंह एवं पीटीआई शिक्षक विजेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि साक्षी इससे पूर्व राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता (फ्री स्टाइल ग्रीको रोमन) में सर्वोत्तम प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अपने नाम करा चुकी हैं होनहार छात्रा साक्षी की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार काफी उत्साहित है। उन्होंने छात्रा साक्षी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## दुष्कर्म के फ़रार आरोपी के घर पर नोटिस चस्पां

**बढ़ापुर (चिंगारी)।** नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म में फरार चल रहे एक अभियुक्त के घर पहुंचकर झारखंड पुलिस ने न्यायालय में पेश होने के लिए उदघोषणा की कार्यवाही की है। बताया जाता है कि बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव मधपुरी निवासी अमनदीप सिंह पुत्र मलकीत सिंह झारखंड प्रदेश के जनपद धनबाद के थाना झरिया में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मुकदमा अपराध संख्या 11/ 2024 का अभियुक्त है जो काफी समय से फरार चल रहा है। न्यायालय एसीजेएम धनबाद द्वारा अभियुक्त का गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। न्यायालय के आदेश पर झारखंड पुलिस के एएसआई भगत सिंह मंगलवार को थाना बढ़ापुर पहुंचे और बढ़ापुर पुलिस को साथ लेकर अभियुक्त के गांव मधपुरी पहुंचे और सीआरपीसी की धारा 82 के अंतर्गत अभियुक्त के न्यायालय में पेश होने के लिए उदघोषणा की कार्यवाही की है।



## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने वाले को तीन साल की सजा

**बिजनौर (चिंगारी)।** अतिरिक्त विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्री लोकेश नागर ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म कर ब्लैकमेल करने वाले अभियुक्त आजाद को तीन वर्ष कठोर कारावास की सज़ा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता योगेंद्र सिंह के अनुसार कोतवाली शहर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहल्ला खत्रीयान निवासी आजाद पुत्र यूसुफ पिछले वर्ष उसके घर में घुस आया और उसकी नाबालिग पुत्री के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। महिला ने अपनी इज्जत बचाने के लिए उसका गर्भपात कर दिया। लेकिन इसके बाद भी आजाद उसकी वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। जिससे इसकी शादी नहीं हो पा रही है। 18 सितंबर 2022 को शाम को साढ़े छह बजे करीब आजाद फिर उसके घर में घुस आया और बलात्कार करने का प्रयास किया। शोर मचने पर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए जिन्होंने उसे भगाया। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्री लोकेश नागर ने अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त आजाद को पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत तीन वर्ष कठोर कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 452 के तहत तीन वर्ष कठोर कारावास और दस हजार रुपए अर्थदंड, धारा 506 के तहत एक वर्ष कठोर कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड, धारा 323 के तहत 6 माह कारावास और एक हजार रुपये अर्थदंड की सज़ा सुनाई है।

## सिंचाई संघ की समस्याओं को लेकर डीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

**बिजनौर (चिंगारी)।** सिंचाई संघ की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर का प्रतिनिधिमंडल जिला संरक्षक देशराज सिंह के नेतृत्व में मिला। वार्ता में अधिशासी अभियंता द्वारा सिंचाई खंड बिजनौर सीच पर्यवेक्षकों व सीचपाल की वाजिब मांगों को पूरा न करने पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि अधिशासी अभियंता की हठधर्मिता के चलते हुए सीचपालों की एसीपी की मांग लंबे समय से लंबित है। जिसकी स्वीकृति फरवरी माह में हो गई थी केवल वेतन में लगाने की स्वीकृति दी जानी है। अधिशासी अभियंता निरंतर सीचपाल एवं सीच पर्यवेक्षकों का मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। जो कार्य सीचपाल एवं सीच पर्यवेक्षकों के नहीं हैं उनको करने पर भी अनावश्यक दबाव बनाया जाता है जिसको लेकर कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान हैं। इस प्रकार के दबाव से कर्मचारियों पर किसी भी प्रकार का हादसा होने की संभावना बनी हुई है। जिलाधिकारी महोदया ने सभी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिनिधिमंडल को आस्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह संयुक्त राज्य परिषद के जिला अध्यक्ष धीरज कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह, सेवानिवृत्ति पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला मंत्री योगेश्वर, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिला मंत्री संजय सिंह आदि मौजूद रहे।



# डीपीएस में 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

## प्रतिभागियों ने अंतिम दिन 'हमारे आजाद'




**अल्हैपुर-धामपुर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ द्वारा नाटक प्रस्तुत किया। जनपद बिजनौर के धामपुर पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन नाट्य प्रशिक्षण (रंगमंच अभिनय) कार्यशाला का आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रंगमंच अभिनय के लिए तैयार करने हेतु 15 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 20 मई 2026 से 3 जून 2026 तक स्कूल परिसर में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक (प्रतिदिन) किया गया। कार्यशाला का प्रशिक्षण रंगमंच लेखक, निर्देशक व फिल्मी कलाकार शुभम् पाण्डेय ने किया, जो भारतेंदु नाट्य अकादमी रंगमंडल, लखनऊ के कलाकार रह चुके है। कार्यशाला के अंतिम दिन स्कूल के जिन बच्चों ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया उन्होंने कार्यशाला में तैयार की गई नाट्य प्रस्तुति 'हमारे आजाद' का मंचन धामपुर पब्लिक स्कूल सभागार में किया ! इसके साथ ही बच्चों को प्रमाण-पत्र का वितरण। मुख्य अतिथि श्रीमती क्षमा हेमलता व श्रीमती बबिता गुप्ता प्रधानाचार्य धामपुर पब्लिक स्कूल द्वारा किया गया। नाट्य प्रस्तुति 'हमारे आजाद' पूरी तरह क्रांतिकारियो पर आधारित नाट्य प्रस्तुति थी। जिसमें चन्द्रशेखर आजाद जी के बचपन से लेकर जवानी तक के कुछ घटनक्रमों को प्रमुखता के साथ दिखाया गया। चन्द्रशेखर आजाद जी क्रांतिकारी कैसे बनें, काकोरी की ट्रेन लूट को कैसे अंजाम दिया उसी पर आधारित है।

नाटक में प्रतिभाग करने वाले बच्चों के नाम शिवम सैनी, दक्ष, भूपेंद, जिज्ञासा, शाक्षी, रमशा, नंदनी, गरिमा चौहान, राधिका, रहेनुमा, पियूष सैनी, देव चौहान, वैभव सैनी, सौम्या पाण्डेय, कृष्णा, मयंक सैनी, कार्तिक कुमार, राधिका श्रीवास्तव, प्रेरणा चौहान, रिक्की, दीप्ति, मानवी, अदीबा, राखी कुमारी, कु दीपिका, साक्षी, मानसी बिष्ट, सुहाना परवीन, सामिया, रूही, मुस्कान, सोनिया, पीयूष गौड़, दिव्यांशी सिसौदिया, प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता ने इस कार्यशाला को व नाट्य प्रस्तुति को सफल बनाने में अहम् भूमिका निभायी उनके द्वारा व स्कूल स्टाफ द्वारा प्रशिक्षक को पूरा सहयोग किया गया, ताकि एक अच्छा माहौल बच्चों को मिल सके।

# ठा. पृथ्वी देवरा बने किसान मजदूर संगठन के युवा जिलाध्यक्ष


ठाकुर पृथ्वी देवर को प्रमाण पत्र देते हुए।

**नगीना (चिंगारी)।** किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूर्ण सिंह ने नगीना के युवा नेता ठाकुर पृथ्वी देवरा को युवा शाखा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने युवाओं से संगठित होने का आह्वान करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। मंगलवार की दोपहर नगीना में संगठन के विस्तार के लिए आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूर्ण सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर संगठन से जुड़ने के लिए काफ़ी संख्या में युवा ठाकुर पृथ्वी देवरा के नेतृत्व में बैठक में शामिल हुए। उन्हें जिले के युवा संगठन को मजबूत करने के निर्देश मिले हैं। कार्यक्रम में अंतरिक्ष राजपूत, प्रियांशु राजपूत, नीलेश तोमर, रचित राजपूत, राहुल राजपूत, वासु चौधरी, आशीष कुमार, हिन्दू युवा वाहिनी जिला अध्यक्ष ठाकुर शेखर लाडयान व किसान मजदूर संगठन के मंडल अध्यक्ष पुखराज सिंह भी मौजूद रहे।

# ब्लॉक प्रमुख संघ की जिलाध्यक्ष बनी आकांक्षा चौहान


आकांक्षा चौहान

**नूरपुर (चिंगारी)।** ब्लॉक प्रमुख संघ के प्रदेश संगठन महामंत्री त्रिपुरेश मिश्रा ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रताप सिंह सेनानी की संतुति पर नूरपुर ब्लॉक की ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान को संगठन के प्रति उनकी पूर्ण निष्ठा एवं कार्य क्षमता को देखते हुए उन्हें जनपद बिजनौर में ब्लॉक प्रमुख संघ, उत्तर प्रदेश (ब्लॉक प्रमुख एसोसिएशन) का जिलाध्यक्ष, मनोनीत किया है। उनके मनोनयन से समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। अपने मनोनयन पर आकांक्षा चौहान ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसका वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगी।

# सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का समापन

## सभी गतिविधियों में प्रथम आये छात्र-छात्राएं सम्मानित



**कोटद्वार (चिंगारी)।** राइका कोटद्वार में सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का समापन हो गया। समापन सत्र में कैंप की विभिन्न गतिविधियों में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। राइका कोटद्वार में गत 27 मई से भाषाई कौशल का विकास, संस्कृत जागरूकता बढ़ाना, व्यावहारिक संवाद क्षमता विकसित करना, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास बढ़ाना, स्थानीय ज्ञान व विरासत से नई पीढ़ी को जोड़ना, सामाजिक सीख व नई शिक्षा नीति आदि उद्देश्यों पर केंद्रित समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप में गुजराती, पंजाबी भाषा के साथ-साथ गुरमुखी, ब्रेल व देवनागरी लिपि की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई तथा स्टोन पेंटिंग, पैटर्न, कठपुतली व नुक्कड़ नाटक जैसी विधाओं से उन्हें परिचित कराया गया।

इस दौरान संदर्भदाता के रूप में श्रीमती सुरभि सचदेवा, अंजना संतोषी, आराधना कुकरेती, पूजा बिष्ट, पूरण चंद्र धूलिया, संतोष नेगी, डॉ. पदमेश बुडाकोटी, मनमोहन सिंह चौहान, श्रुति नेगी (अजीम प्रेमजी फाउंडेशन) आदि ने बच्चों को अनेक जानकारियां प्रदान करते हुए उन्हें विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग कराया।

कैंप के समापन सत्र में सभी गतिविधियों के अव्वल छात्र/छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विचार व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने कहा कि समर कैंप में छात्र-छात्राओं ने कई जीवनोपयोगी कौशल सीखे, जिससे उनकी क्षमताओं का विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में स्वावलंबन एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने में समर कैंप उपयोगी सिद्ध होते हैं। इस अवसर पर संतोष नेगी, मनमोहन सिंह चौहान, डॉ. पदमेश बुडाकोटी, डबल सिंह रावत, जयकृत सिंह नेगी आदि उपस्थित थे।

# कार-बाइक भिडंत में बाइक सवार की मौत



**पैजानिया (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम सोतखेड़ी निवासी जकीर पुत्र खलील मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे ग्राम खासपुरा से भारतीय स्टेट बैंक से पैसे निकालकर बाइक द्वारा अपने घर लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक नूरपुर-बिजनौर हाईवे पर ग्राम ढाकी के पास सरकारी कुए के निकट पहुंची तो विपरीत दिशा से आ रही स्विफ्ट कार ने जकीर को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे जकीर गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसकी बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई! स्विफ्ट कार का ड्राइवर कार मौके पर छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों ने पुलिस और एंबुलेंस को फोन कर जकीर को अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान जकीर की मौत हो गई। जकीर मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। दुर्घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि फरार कार चालक की जल्द गिरफ्तारी की जाए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**



कोटि-कोटि
आभार
आलमपुर गावड़ी स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित
माननीय मुख्यमंत्री आदरणीय श्री योगी आदित्यनाथ जी
के भव्य कार्यक्रम को ऐतिहासिक, सफल एवं गरिमामय
बनाने हेतु मैं समस्त माननीय जनप्रतिनिधिगण,
सम्मानित पार्टी पदाधिकारीगण, देवतुल्य कार्यकर्तागण,
वंदनीय क्षेत्रवासियों, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों
तथा सभी सहयोगी जनों का मैं हृदय की गहराइयों से
हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ !!
कुं॰ सुशान्त सिंह
विधायक- बढ़ापुर विधानसभा